आईसीएमआर-राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान सांख्यिकी संस्थान
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

विज्ञापन संख्या: 01/NDQF/2024

दिनांक: 03-01-2024

साक्षात्कार का बुलावा

दिनांक	**:23/01/2024**
समय	**: सुबह 10:30 बजे**
जगह	**: आईसीएमआर-राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान सांख्यिकी संस्थान, नई दिल्ली**

इच्छुक उम्मीदवारों को भारत के जनसांख्यिकीय, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से "राष्ट्रीय डाटा गुणवत्ता फोरम (एनडीक्यूएफ)" परियोजना के तहत निम्नलिखित पदों के साक्षात्कार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

परामर्श (वैज्ञानिक-गैरचिकित्सा)		
1.	पदनाम	**परामर्श (वैज्ञानिक-गैरचिकित्सा)**
2.	पदों की संख्या	एक
3.	आयु सीमा	23/01/2024 तक अधिकतम 40 वर्ष
4.	समेकित वेतन	रु.87,500/- प्रति माह (समेकित)
5.	अवधि	31/01/2025 तक
6.	अनिवार्य अर्हकता एवं अनुभव	**मान्यता प्राप्त संस्थान से मानवविज्ञान/जनसंख्या अध्ययन में पीएच.डी.वाले पेशेवर और प्रकाशित हुए पेपर**
	वांछनीय	**जन स्वास्थ्य क्षेत्र में दो वर्ष का शोध अनुभव**

परामर्श (तकनीकी)		
1.	पदनाम	**परामर्श (तकनीकी)**
2.	पद की संख्या	एक
3.	आयु सीमा	23/01/2024 तक अधिकतम 40 वर्ष
4.	समेकित वेतन	रु. 70,000/- प्रति माह (समेकित)
5.	अवधि	31/01/2025 तक

6.	अनिवार्य अर्हकता एवं अनुभव	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी या संबंधित विषय में एम.एससी./बी.टेक/एमसीए डिग्री धारक पेशेवर।
	वांछनीय	उच्चतर शैक्षिक अनुभव (एम.टेक./पीएचडी या समकक्ष) या फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट में कम से कम 3 साल का अनुभव, पायथन भाषा, पीएचपी फ्रेमवर्क, मायएसक्यूएल (उन्नत), सीएसएस, जावास्क्रिप्ट, AJAX, JQuery, MVC, DBMS, वर्डप्रेस, वेबसाइट रख रखाव और वेब पेज डिजाइनिंग, एचटीएमएल में दक्षता रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

परामर्श (प्रशासन)		
1.	पद नाम	**परामर्श (प्रशासन)**
2.	पदों की संख्या	एक
3.	आयु सीमा	**23/01/2024** तक अधिकतम **65** वर्ष
4.	समेकित वेतन	रु.**35,000/-** प्रति माह (समेकित)
5.	अवधि	**31/01/2025** तक
6.	अनिवार्य अर्हकता एवं अनुभव	**मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री के साथ प्रशासनिक एवं लेखा संबंधि कार्य करने का न्यूनतम** 3 वर्षों का अनुभव **या** **किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और ग्रेड पेय रु 4600/- और उक्त के साथ प्रशासनिक क्षेत्र में** 15 **वर्ष का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी**

उक्त पदों के लिए सामान्य नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं:-

1. चूंकि पद पूरी तरह से अस्थाई हैं, इसलिए चयनित पदधारियों के पास आईसीएमआर-एनआईएमएस या आईसीएमआर मुख्यालय या आईसीएमआर के कोई अन्य संस्थान में नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं किया जाएगा।
2. यह नियुक्ति **31/01/2025** तक रहेगी।
3. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताए दोनों पक्षों की ओर से एक महीने की अवधि का नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है।
4. साक्षात्कार/लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया

जाएगा।

5. प्रोजेक्ट स्टाफ के लिए छुट्टी आईसीएमआर के नियमों के अनुसार दी जाएगी।
6. एससी/एसटी/ओबीसी के लिए आरक्षण भारत सरकार के मानदंड़ो के अनुसार लागू होगा।
7. योग्यता एवं अनुभव किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संगठन/संस्थान से होना चाहिए।
8. न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
9. केवल आवश्यक योग्यता पूरी कर लेने मात्र से चयन की गारंटी नहीं हो जाती।
10. निदेशक (प्रभारी), आईसीएमआर-एनआईएमएस, किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
12. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता होगी और चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
13. साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए आने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, और हाल ही का पासपोर्ट आकार का छायाचित्र, मूल प्रमाणपत्रों के साथ-साथ सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी और अनुभव आदि के दावे का समर्थन करने वाले अन्य प्रशंसा-पत्र साथ लाने होंगे।

प्रशासन अधिकारी